F.Y.
March 2013

Reg. No. ....................................

Name ..........................................

**503**

## Part - II

## HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours
Cool off time : 15 Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are neither allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool off time'.
- Read the questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except nonprogrammable calculators are not allowed in the Examination Hall.
- There are choices in questions 10 and 11 and 19 to 21.

सूचना : निम्नलिखित कवितांश पढ़िये और 1 से 3 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

वह दु:ख सभी सहन कर-
लेते हैं जो अर्थी के उठने पर
उग आता है,
लेकिन यह असह्य संवेदन
मन को तोड़-तोड़ जाता है-
यात्राओं की अंतिम गाड़ी
एक छोर पर रुकी हुई हो
पंगुल बच्चों की कतार जब
सड़क पार करने की आतुर मुद्राओं में
बैसाखी पर झुकी हुई हो ।

1. निम्नलिखित शब्दों का समानार्थी शब्द कवितांश से चुनकर लिखिए । (2)
   लंगड़ा, पंक्ति
2. किस दृश्य को देखकर कवि को असह्य संवेदना हुई? (2)
3. 'सापेक्ष्य संवेदन' कविता की आस्वादन-टिप्पणी लिखिए । (6)

**सूचना :** निम्नलिखित खंड पढ़िये और 4 से 7 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

पुराने ज़माने में भारतीय नारी किसी न किसी पर आश्रित रहती थी । बचपन में माता-पिता के आश्रय में, विवाह के बाद पति के संरक्षण में तथा बुढ़ापे में वह बच्चों पर आश्रित बनती थी। संपत्ति पर उसका कोई अधिकार नहीं था और यह उसकी दीन-हीन अवस्था का मुख्य कारण था । लेकिन आधुनिक काल में नारी की स्थिति बदल गई है । वह घर से बाहर निकली । शिक्षा ने उसमें आत्मविश्वास बढ़ा दिया । सभी क्षेत्रों में वह सफल बनी । निर्णय लेने में वह सक्षम हो गई । परिवार की आर्थिक ज़िम्मेदारी भी वह संभालने लगी है । आज 'भारतीय नारी' कहलाने में वह गर्व का अनुभव करती है ।

(आर्थिक ज़िम्मेदारी - financial responsibility, संभालना - to take care, सक्षम - capable)

4. भारतीय नारी की दीन-हीन दशा का मुख्य कारण क्या था? **(1)**

5. नारी अपने जीवन-काल में किन-किन के आश्रय में रहती थी? **(3)**

6. नारी की अवस्था में कौनसा परिवर्तन आया है? **(3)**

7. इस खंड का एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण करके लिखिए । **(6)**

**सूचना :** निम्नलिखित खंड का हिन्दी में अनुवाद कीजिए । **(6)**

8. Tajmahal is a beautiful palace. It is situated on the banks of Yamuna in Agra. It is built by Shahjahan in memory of his beloved queen Mumtaz. Tajmahal is one of the wonders of the world. Several people visit this palace.

   (wonder - आश्चर्य, memory - याद)

**सूचना :** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(5)**

9. 'श्रीकृष्ण का रुप-सौंदर्य अनुपम हैं ।' निम्नलिखित दोहे का विश्लेषण करके इसपर लघुखंड लिखिए ।

   सीस मुकुट कटि काँछनि, कर मुरली उर माल ।

   यह बानक मो मन बसौ, सदा बिहारीलाल ।।

**सूचना :** प्रश्न 10 और 11 में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1 × 6 = 6)**

10. मुँहासे दूर करके त्वचा को मुलायम बनानेवाला नया मुख-लेप बाज़ार में आया है । इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

    (मुँहासा - pimple, त्वचा - skin, मुख-लेप - face-cream)

11. निम्नलिखित संवाद के अनुरूप रंग-सज्जा तैयार कीजिए ।

नेहा : बोलो ना, पापा आए थे क्या...?

मम्मी : आए थे नहीं... आए हैं ऑफ़िशियल काम लेकर ।

नेहा : और क्या कहा पापा ने...?

मम्मी : कहने को उनके पास शब्द ही कहाँ हैं...?

नेहा : मेरे लिए भी नहीं पूछा...?

मम्मी : मैंने खुद ही बता दिया था...

(**सहायक बिन्दु** : पात्रों की वेशभूषा, आयु, बातचीत का स्थान, फर्निचर आदि)

**सूचना :** निम्नलिखित कविता पढ़िये और 12 से 14 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

देखो, इस बंजर धरती का
कुछ तो करना होगा...
नहीं किया अगर यत्न अभी कुछ
सब को मरना होगा...
एक समय था, जब धरती पर जंगल लहराते थे
हरियाली फैली थी सब कहीं
कल-कल नदियाँ बहती थीं...
सूखी नदियाँ, सूखे झरने
इन सब को भरना होगा...
कुछ तो करना होगा ।
अभी समय है, अभी संभल सकते हो
पर्यावरण बचा लो, प्रकृति के संग चलो ।

(बंजर - dry, हरियाली - greenary, संभलना - to take care)

12. कविता के लिए उचित शीर्षक लिखिए । (1)

13. धरती की अवस्था कैसी थी? (3)

14. कविता का भाव अपने शब्दों में लिखिए । (6)

**सूचना :** निम्नलिखित अंश पढ़िये और **15** से **18** तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

अलारक्खी ने हताश आँखों से हुसेनी को देखा । मेहतरानियाँ उसे देख-देखकर कानाफूसी करने लगीं । उसके जी में आया, घर चली जाए । यह उपहास नहीं सहा जाता । ज़मीन फट जाती कि उसमें समा जाती । एक के बाद दूसरा नाम आता गया और अलारक्खी सामने के वृक्षों की ओर देखती रही । उसे अब इसकी परवा न थी कि किसका नाम आता है, कौन जाता है, कौन उसकी ओर ताकता है, कौन उस पर हँसता है ।

**15.** यह किस शैली की रचना है ? (निबंध, उपन्यास, कहानी, एकाँकी) **(1)**

**16.** अलारक्खी क्यों हताश थी? **(2)**

**17.** मेहतरानियों ने अलारक्खी को हताश देखा । वे अलारक्खी के बारे में बातें करने लगीं । उनमें से दो मेहतरानियों के बीच के संभावित वार्तालाप लिखिए । **(5)**

**18.** अलारक्खी के उस दिन की डायरी कल्पना करके लिखिए । **(6)**

**सूचना :** **19, 20** और **21** में से **किन्हीं दो** प्रश्नों का उत्तर लिखिए । **(2 × 8 = 16)**

**19.** मान लें, आप सनूजा हैं और तिरुवनंतपुरम के जवाहर कालनी में रहती हैं । कालनी की सड़कें टूटी-फूटी हैं । इसपर शिकायत करते हुए नगर निगम के अभियंता के नाम पत्र लिखिए ।

(टूटी-फूटी - damaged, अभियंता - engineer)

**20.** बिंदुओं को विकसित करके निबंध लिखिए ।

सफ़ाई - उसकी आवश्यकता - गंदगी - चिकुनगुनिया, डंगू, मलेरिया की आशंका - नगरपालिका, सामाजिक संस्थाएँ और व्यक्ति के कर्तव्य - सफ़ाई सभ्यता का अंग - स्वच्छ समाज सुंदर समाज ।

(सफ़ाई - cleanliness, स्वच्छ - clean)

**21.** संकेतों के आधार पर कहानी लिखिए ।

एक आदमी - लालची - तपस्या करना - देवता का प्रत्यक्ष होना - थैली में सोने के सिक्के डालना - ज़मीन पर न गिरें - गिरने पर मिट्टी हो जाने की चेतावनी - थैली का भर जाना - आगे भी थैली पसारते रहना ।

(सिक्के - coins, पसारना - to spread out)